# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# SOCIOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
   Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

   *(a)* सामाजिक अनुसंधान की नारीवादी विधि की विशिष्टता क्या है? टिप्पणी कीजिए।

   What is the distinctiveness of the feminist method of social research? Comment.

   *(b)* समाजशास्त्र और राजनीति-विज्ञान के बीच सम्बन्ध पर चर्चा कीजिए।

   Discuss the relationship between sociology and political science.

   *(c)* नाटकीय परिप्रेक्ष्य रोजमर्रा की जिंदगी को समझने में हमें कैसे सक्षम बनाता है?

   How does the dramaturgical perspective enable our understanding of everyday life?

   *(d)* क्या संदर्भ समूह सिद्धान्त एक सार्वभौमिक रूप से लागू प्रतिरूप है? स्पष्ट कीजिए।

   Is reference group theory a universally applicable model? Elucidate.

   *(e)* क्या आपको लगता है कि नृजातीयता और प्रजाति के बीच की सीमारेखा धुँधली है? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए।

   Do you think that the boundary line between ethnicity and race is blurred? Justify your answer.

2. *(a)* रॉबर्ट मिशेल्स के अनुसार गुटतंत्र का लौह नियम क्या है? क्या विल्फ्रेडो पैरेटो के सिद्धांत के अनुसार शेर और लोमड़ी अनिवार्य रूप से एक-दूसरे से भिन्न हैं? सिद्ध कीजिए।

   What, according to Robert Michels, is the iron law of oligarchy? Do lions and foxes in Vilfredo Pareto's theory, essentially differ from each other? Substantiate. 20

   *(b)* ऐतिहासिक भौतिकवाद क्या है? समकालीन समाजों को समझने में इसकी प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए।

   What is historical materialism? Examine its relevance in understanding contemporary societies. 20

   *(c)* चर क्या हैं? वे अनुसंधान को कैसे सुविधाजनक बनाते हैं?

   What are variables? How do they facilitate research? 10

3. *(a)* वैज्ञानिक विधि की विशेषताएँ क्या हैं? क्या आपको लगता है कि समाजशास्त्रीय अनुसंधान संचालित करने में वैज्ञानिक विधि अचूक है? विस्तार से बताइए।

   What are the characteristics of scientific method? Do you think that scientific method in conducting sociological research is foolproof? Elaborate. 20

   *(b)* आप वर्तमान समाजों में नातेदारी सम्बन्धों के बदलते प्रतिमानों का आकलन कैसे करते हैं?

   How do you assess the changing patterns in kinship relations in societies today? 20



https://www.evidyarthi.in/

(c) क्या वेबर का नौकरशाही के बारे में विचार यूरोप के ऐतिहासिक अनुभवों का परिणाम है? टिप्पणी कीजिए।

Is Weber's idea of bureaucracy a product of the historical experiences of Europe? Comment. 10

4. (a) क्या आपको लगता है कि सामान्य ज्ञान सामाजिक अनुसंधान का प्रारंभिक बिंदु है? इसके लाभ और सीमाएँ क्या हैं? व्याख्या कीजिए।

Do you think that common sense is the starting point of social research? What are its advantages and limitations? Explain. 20

(b) गरीबी किस प्रकार से सामाजिक बहिष्कार का एक रूप है? इस सम्बन्ध में गरीबी और सामाजिक बहिष्कार के विभिन्न आयामों का वर्णन कीजिए।

How is poverty a form of social exclusion? Illustrate in this connection the different dimensions of poverty and social exclusion. 20

(c) टोटेमवाद और जीववाद के बीच अन्तर और समानताओं पर प्रकाश डालिए।

Highlight the differences and similarities between totemism and animism. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) बढ़ते पर्यावरणीय संकटों से चिह्नित दुनिया में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी की प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए।

Examine the relevance of corporate social responsibility in a world marked by increasing environmental crises.

(b) नागरिक समाज किस प्रकार से लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में उपयोगी है?

How is civil society useful in deepening the roots of democracy?

(c) बहुलवादी समाज में धर्म क्या कार्य करता है?

What functions does religion perform in a pluralistic society?

(d) पारिवारिक प्रथाओं पर डेविड मॉर्गन के विचारों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Analyze critically David Morgan's views on family practices.

(e) क्या महिला शिक्षा पितृसत्तात्मक भेदभाव को मिटाने में मदद करती है? सोदाहरण विचार कीजिए।

Does women's education help to eradicate patriarchal discriminations? Reflect with illustrations.

6. (a) गुणात्मक विधि के विभिन्न आयाम क्या हैं? क्या आप ऐसा सोचते हैं कि गुणात्मक विधि सघन समाजशास्त्रीय अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सहायता करती है? तर्कसम्मत उत्तर दीजिए।

What are the different dimensions of qualitative method? Do you think that qualitative method helps to gain a deeper sociological insight? Give reasons for your answer. 20

(b) मैक्स वेबर के सामाजिक स्तरीकरण के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। वेबर के वर्ग का विचार मार्क्स से किस प्रकार भिन्न है?

Explain Max Weber's theory of social stratification. How does Weber's idea of class differ from that of Marx? 20

(c) आँकड़े संग्रहण करने की एक विधि के रूप में सहभागी अवलोकन का उपयोग करते समय एक शोधकर्ता को किन नैतिक मुद्दों का सामना करना पड़ता है? व्याख्या कीजिए।

What are the ethical issues that a researcher faces in making use of participant observation as a method of collecting data? Explain. 10

7. (a) समझाइए कि आर्थिक भूमंडलीकरण ने कैसे 21वीं सदी में रोजगार के प्रतिमानों में बदलाव किया है।

Explain how economic globalization has brought changes in the patterns of employment in the 21st century. 20

(b) क्या आपको लगता है कि सोशल मीडिया ने विरोध करने के तरीकों में महत्त्वपूर्ण बदलाव किया है? इस मामले में तर्क दीजिए।

Do you think that the social media has brought significant changes in the forms of protest? Argue your case. 20

(c) ए० जी० फ्रैंक के 'अल्पविकास का विकास सिद्धांत' का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Assess critically A. G. Frank's 'theory of development of underdevelopment'. 10

8. (a) टेलरवाद क्या है? इसके गुण एवं दोषों का विश्लेषण कीजिए।

What is Taylorism? Analyze its merits and demerits. 20

(b) नए धार्मिक आंदोलन क्या हैं? उनके स्वरूप और रुझानों पर बल देते हुए सविस्तार वर्णन कीजिए।

What are new religious movements? Elaborate emphasizing their forms and orientations. 20

(c) पुराने समय से चली आ रही वर्जनाओं और अन्धविश्वासों को दूर करने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

Examine the role of science and technology in addressing age-old taboos and superstitions. 10

★★★



https://www.evidyarthi.in/